हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 14 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 40.1 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

12 प्रधानमंत्री मोदी लोगों को देंगे अंबाला कालाअंब....



12 राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर में विद्यार्थियों ने लगाए....



## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**यमुनानगर।** दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौतयमुनानगर। थाना छप्पर क्षेत्र के गांव सबलपुर के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव जड़ौदा निवासी 38 वर्षीय शमशेर सिंह के रूप में हुई है। गांव गधोला निवासी विकास कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शमशेर सिंह 11 जुलाई की रात करीब साढ़े 10 बजे बाइक से घर लौट रहा था। सबलपुर के पास तेज रफ्तार से आ रही दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कुविः यूजीसी समन्वयक बने प्रो. जीपी दुबे



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से संबंधित गतिविधियों के प्रभावी संचालन और समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रसायन विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. जी.पी. दुबे को विश्वविद्यालय का यूजीसी समन्वयक नियुक्त किया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. जी.पी. दुबे को तत्काल प्रभाव से अगले आदेशों तक यूजीसी समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ यूजीसी समन्वयक के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे।

### बाड़ी माजरा में युवक से 1.69 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** गांव बाड़ी माजरा निवासी विशाल कश्यप से जान-पहचान का फायदा उठाकर 1.69 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि अमित नामक युवक ने फरवरी से मई के बीच अलग-अलग समय पर उससे 1.69 लाख रुपये लिए, लेकिन बाद में रकम लौटाने से इनकार कर दिया। पैसे मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी अमित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 6.80 लाख की धोखाधड़ी करने का आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** आर्थिक अपराध शाखा पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 6.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई जसमहेंद्र सिंह ने बताया कि परमजीत सिंह ने महेशनगर थाना में शिकायत दी थी कि आरोपी विवेक उर्फ वरुण व अन्य ने उसकी बेटी को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 6.80 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने न तो बेटी को विदेश भेजा और न ही रकम वापस की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। रिमांड के दौरान आरोपी से 2 लाख रुपये नकदी बरामद की गई है।

### पानीपतः मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** पुलिस टीम ने थाना सनौली क्षेत्र में नाकाबंदी कर नशा तस्कर जब्बार पुत्र जिंदा निवासी गांव राणा माजरा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब्बार के पास से 25 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस टीम ने ड्यूटी मेजिस्ट्रेट तहसीलदार इसराना नरेंद्र सिंह दलाल की मौजूदगी में जब्बार से हेरोइन बरामद की है। वहीं, आरोपी यह हेरोइन यूपी के शामली से लाया था। केस दर्ज करवया गया है और उसे कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

## सीएम नायब सिंह सैनी ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक, बोले

# 17 से हरियाणा की पटरी पर दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

### कुरुक्षेत्र में भव्य सिख संग्रहालय की रखी जाएगी आधारशिला

- कुरुक्षेत्र एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व स्टेशन का होगा उद्घाटन पांच फाटकों से मिलेगी राहत
- सीएम ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के जींद दौरे के सफल आयोजन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी
- जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन हरियाणा और देश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की धरती पर बिछी रेल पटरी पर 17 जुलाई से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन दौड़ेगी। इस ट्रेन के साथ ही कुरुक्षेत्र के एलिवेटिड रेलवे ट्रैक पर भी रेल सेवा शुरू होगी, जिससे शहर के लोगों को पांच रेलवे फाटकों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा प्रदेश के लिए गौरव का अवसर है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी से लेकर दशमी पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के इतिहास और पवित्र वाणी पर आधारित भव्य सिख संग्रहालय (म्यूजियम) का भी शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार देर रात कुरुक्षेत्र स्थित सेक्टर-3 आवास कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद दौरे के सफल आयोजन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा को कुरुक्षेत्र का कार्यक्रम भी सफल बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन हरियाणा और देश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इसका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। यह ट्रेन बिना डीजल और बिना बिजली के हाइड्रोजन ईंधन से संचालित होगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र का एलिवेटिड रेलवे ट्रैक और रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं। इस परियोजना से शहर को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। वहीं, कुरुक्षेत्र में बनने वाले भव्य सिख म्यूजियम के माध्यम से सिख गुरुओं की शिक्षाओं और समाज व राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने में तेजी लाने के निर्देश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने के लिए बीएलए और बीएलओ का सहयोग करें, क्योंकि 14 जुलाई एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने बताया कि कुरुक्षेत्र में 83.95 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। लाडवा विधानसभा क्षेत्र में कार्य अंतिम चरण में है और इसे आज पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, थानेसर और पिहोवा विधानसभा क्षेत्रों में भी अभियान तेजी से चल रहा है।

### समीक्षा बैठक में ये मौजूद रहे

इस अवसर पर चेयरपर्सन साक्षी खुराना, चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, सन्नी कालड़ा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



**यमुनानगर।** छछरौली के भीलपुरा में अजगर का रेस्क्यू करती विभाग की टीम।

## 15 फुट अजगर ने निगली बकरी वन्य जीव विभाग ने किया रेस्क्यू

- छछरौली के भीलपुरा में खेत से पकड़ा गया अजगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र के गांव भीलपुरा में 15 फुट लंबे अजगर ने एक बकरी को अपना शिकार बना लिया। स्थानीय लोगों ने बकरी को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गांव निवासी मुनसिर ने बताया कि वह शाम के समय जंगल से सटे खेतों में बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान बच्चों ने खेत में विशाल अजगर होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि अजगर का पेट फूला हुआ था, जिससे उसके किसी बड़े शिकार करने का अंदेशा हुआ। इसके बाद उसने वन्यजीव विभाग को सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर का रेस्क्यू किया। मुनसिर ने बताया कि जब उसने अपनी बकरियों की गिनती की तो एक बकरी गायब मिली। उसे तुरंत आशंका हुई कि अजगर ने उसी बकरी को निगल लिया है। इसके बाद उसने बिना देर किए वन्यजीव विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन्यजीव विभाग की टीम कर्मचारी संजीव के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया।

### समालखाः छात्र को पीट कर नकदी लूटी

**समालखा।** पानीपत के गांव पट्टीकल्याणा के पास रवि पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव गढी तयागयान के साथ बाइक सवार तीन नाकाबपोश बदमाशों ने मारपीट की और उससे 4500 रुपये की नकदी छीन ली। वहीं, थाना समालखा की हल्दाना पुलिस चौकी को दी शिकायत में सुरेश ने बताया कि रवि नौ जुलाई की रात करीब सवा आठ बजे कोचिंग सेंटर में पढने के बाद वापस अपने गांव लौट रहा था। वहीं, गांव पट्टीकल्याणा स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल के नजदीक पहुंचा, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात लड़के वहां आए। तीनों बदमाशों ने अपने मुंह कपड़े से बांध रखे थे। उन्होंने रवि को पीटा व नगदी छीन ली। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट में रवि को गंभीर चोटे लगी है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## करनालः डोमिनोज के पास युवक पर चाकू से हमला

**पुरानी रंजिश में वारदात, एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित डोमिनोज पिज्जा के पास रविवार देर रात एक युवक पर तीन युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को पहले नागरिक अस्पताल और बाद में गंभीर हालत में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। शिव कॉलोनी निवासी कृष्ण उर्फ निग्गू (22) ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले उसने अपने दोस्त और गौरव के बीच हुए झगड़े में बीच-बचाव कराया था। इसी रंजिश में गौरव ने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके से एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

## राइस मिल में बोरियों के नीचे दबा मजदूर

- नड़ाना-सौकड़ा रोड स्थित शेलर में हुआ हादसा, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तिरपाल से बोरियां खींचते समय हुआ हादसा, साथी मजदूरों ने बाहर निकाला

नड़ाना-सौकड़ा रोड स्थित एक राइस मिल में काम करते समय एक मजदूर की बोरियों के नीचे दबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नड़ाना-सौकड़ा रोड स्थित राइस मिल में काम करने के लिए लेबर पहुंची थी। इसी दौरान बिहार का रहने वाला विनोद शहनी नाम का एक व्यक्ति जब बोरियों को तिरपाल से नीचे खींच रहा था तो काफी सारी बोरियां उसके ऊपर गिर गई और वह उन बोरियों के नीचे दब गया। वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने बोरियों के नीचे से बाहर निकाला और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन हालत गम्भीर होने पर उसे करनाल के एक निजी अस्पताल भर्ती करवाया गया, लेकिन हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी रंघु देवी ने बताया कि मै काम करने किसी शैलर मे गई हुई थी मेरे को किसी साथी मजदूर का फोन पर बताया कि तुम्हारे पति पर बोरियों का चठठा गिर गया है। साथ के लोग तरावड़ी अस्पताल लेकर आये फिर करनाल ले गये जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की चार लड़कियां और एक लडक़ा है, जिनमें से दो लड़कियों की शादी होने वाली है।

### कहासुनी में बेटे ने ही कर दी पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** महेश नगर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग की हत्या के मामले में सीआईए-1 पुलिस ने मुख्य आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 12 जुलाई को बब्याल-रामगढ़ रोड टांगरी बांध के पास हरविंद्र सिंह का शव बरामद हुआ था। परिजनों ने बेटे गगन पर हत्या की आशंका जताई थी। जांच में सामने आया कि किसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ था। इसी दौरान गुस्से में आकर गगन ने पिता पर हमला कर उनकी जान ले ली। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है और मामले की जांच जारी है।



### मारपीट करके हत्या करने के चार आरोपी गिरफ्तार



**कुरुक्षेत्र।** केयूके थाना पुलिस ने मारपीट कर युवक की हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दबखेड़ी निवासी सचिन, गौरव, मोटा और करनाल के बड़थल निवासी रोहित के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल दुर्घटना के विवाद में आरोपियों ने शैंटी को जींदल पार्क बुलाकर मारपीट की, फिर उसका अपहरण कर दबखेड़ी ले गए। वहां बंधक बनाकर दोबारा मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कुरुक्षेत्रः ढांड मार्ग पर हादसे में बीएससी छात्र की मौत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र-ढांड मार्ग पर सड़क हादसे में बीएससी स्टूडेंट की मौत हो गई। मृतक की पहचान तरुण शर्मा (19) निवासी घराड़सी के रूप में हुई। तरुण अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से बीएससी कर रहा था। तरुण जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन देवी दयाल शर्मा का भतीजा था। घराड़सी के रहने वाले रमेश कुमार ने बताया कि वह हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत बिजली बोर्ड में कार्यरत हैं। वह रोजाना गुरुकुल कुरुक्षेत्र से गाय का दूध लेकर घर जाते हैं। वे अपने किसी काम से कुरुक्षेत्र आए हुए थे। दूध की डोली घर पर ही रह गई थी। शाम करीब 4:15 बजे उन्होंने अपने बेटे तरुण शर्मा को दूध लेने के लिए भेज दिया। शाम करीब 5:20 बजे वे कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के थर्ड गेट के पास पहुंचे तो जानकार ने कुरुक्षेत्र-पिहोवा रोड पर नरकतारी गांव के बस अड्डे के पास उनके बेटे का एक्सीडेंट होने की सूचना दी। वे तुरंत मौके पर पहुंचे। यहां क्रेटा कार और तरुण की इलेक्ट्रिक स्कूटी क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी।

### डेरा श्रद्धालुओं ने लापता संतोष को परिजनों से मिलवाया



**कुरुक्षेत्र।** डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं ने साढ़े तीन माह से लापता मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को संभालकर उसके परिजनों तक पहुंचाया। रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित डेरा सच्चा सौदा एवं मानवता भलाई केंद्र में बिहार के सिवान जिले के जामो बाजार निवासी संतोष कुमार गुप्ता को परिजनों को सौंप दिया गया। सेवादार प्रवीण इन्सां ने बताया कि 40 वर्षीय संतोष घायल अवस्था में उमरी चौक के पास मिला था। श्रद्धालुओं ने उसका उपचार कराया और भोजन कराया। बाद में संतोष ने घर का मोबाइल नंबर बताया, जिसके आधार पर परिजनों से संपर्क कर उसे परिवार के सुपुर्द किया गया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने लिया जायजा, बचाव कार्य तेज करने के निर्देश

# यमुना किनारे बाढ़ तटबंधों को मजबूत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत मानसून को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ से बचाव के लिए यमुना नदी के तटबंधों को मजबूत करने के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम चरण के सभी कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाएं, ताकि लोगों के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विधानसभा अध्यक्ष ने सबसे पहले लालुपुरा स्थित यमुना नदी के तटबंध का निरीक्षण कर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने यमुना नदी में पशुओं की सुविधा के लिए एक रैंप बनाने का अनुरोध किया। इस पर हरविन्द्र कल्याण ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को रैंप का निर्माण शीघ्र कराने के निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने मंगलौरा में नए स्टड निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष विधानसभा अध्यक्ष के निर्देशों के अनुसार सिंचाई विभाग ने समय रहते बाढ़ से बचाव के अधिकांश कार्य पूरे कर लिए हैं। इसके लिए उन्होंने हरविन्द्र कल्याण और सिंचाई विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मीडिया से बातचीत में हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि हरियाणा सरकार ने इस वर्ष करनाल जिले में बाढ़ से बचाव के प्रबंधों के लिए करीब 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस राशि से जिले में 46 नए स्टड तथा 10 पुराने स्टडों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अकेले घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में 32 नए स्टड बनाए गए हैं तथा 9 स्टडों की मरम्मत की जा रही है, जिस पर लगभग सवा 15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंगलौरा से ढाकवाला तक पहली बार लगातार 26 नए स्टड बनाए गए हैं।

### इन गांवों में बाढ़ से बचाव के लिए बनाए स्टड

सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय राहर ने बताया कि अकेले घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में 32 नए स्टड बनाए गए हैं और 9 की मरम्मत की गई है। इनमें गांव कुंडाकलां में 5, ढाकवाला में 7, दिलावरा में 10 और मंगलौरा में 9 नए स्टड बनाए गए हैं वहीं खिराजपुर में एक, लालुपुरा में 4 तथा सदरपुर में 4 स्टड की मरम्मत का कार्य किया गया है।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गांव लालुपुरा में यमुना नदी तटबंध पर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानसून का सीजन शुरू हो चुका है और ऐसा वातावरण पौधारोपण के लिए फायदेमंद है इसलिए हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा तो अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करके वृक्ष बनाएं।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



मृतका हरप्रीत

पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

गांव बेडथल में संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय महिला हरप्रीत की मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।चंडीगढ़ सेक्टर-29 बी निवासी मृतका के पिता गुरदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी हरप्रीत की शादी वर्ष 2016 में गांव बेडथल निवासी राजीव चौहान से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज और घरेलू विवादों को लेकर परेशान किया जा रहा था।परिजनों के अनुसार हाल ही में हुए विवाद में हरप्रीत के साथ मारपीट भी की गई थी। दोनों पक्षों के बीच पंचायत के माध्यम से विवाद सुलझाने का प्रयास चल रहा था। रविवार को हरप्रीत की सास की 13वीं के कार्यक्रम में मायके पक्ष के लोग गांव पहुंचे थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान भी ससुराल पक्ष ने हरप्रीत के साथ विवाद किया।मृतका के भाई इंद्रजीत ने बताया कि रात करीब आठ बजे वे चंडीगढ़ लौट गए थे। करीब 10 बजे उन्होंने हरप्रीत से फोन पर बात की, तो उसने नींद आने की बात कहकर बाद में बात करने की बात कही। इसके कुछ देर बाद हरप्रीत की बेटी ने वीडियो कॉल कर बताया कि उसकी मां की तबीयत खराब है और उसे उल्टियां हो रही हैं।

## जिला सचिवालय में डीडीपीओ ने सुनीं लोगों की शिकायतें

# आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें निपटानः डीडीपीओ

शिविर में लोगों ने कॉलोनी पास करवाने , नाले की सफाई करवाने रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की समस्याएं खीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीडीपीओ नरेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन ने अपनी सात शिकायतें रखी। शिविर में डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने लोगों द्वारा रखी गई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर दिशा निर्देश दिए।

डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सात शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें दामला निवासी रोहताश ने सौ गज प्लाट का कब्जा दिलवाने बारे, अकालगढ़ निवासी गुलशन ने कॉलोनी पास करवाने बारे, तेली माजरा निवासी वकीला ने नाले की सफाई करवाने बारे, रूकाली निवासी कुलदीप सिंह ने रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने बारे, चाहड़ो निवासी कर्मबीर ने पंचायती गली से अवैध कब्जा हटवाने बारे तथा विजय नगर कालोनी निवासी असलम ने प्लाट के ऊपर से जा रही बिजली की तारों को हटाने बारे समस्या रखी। जिनमें से अधिकांश समस्याओं को मौके पर निपटान कर दिया। जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को लगते हैं शिविर

### 10 से 12 बजे तक आयोजित होते हैं शिविर

डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अधीक्षक उपायुक्त कार्यालय अतुल कुमार, समाधान शिविर के विशेष सदस्य जगदीश बब्बर व खरैती लाल बतरा आदि मौजूद रहे।

कॉलोनियों में अब जलभराव नहीं होगा

# गंदे पानी निकासी के लिए युद्धस्तर किए जा रहे काम : नायक

रादौर कस्बा में जलापूर्ति विभाग द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज की पाइप लाइन बिछाने के कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर कस्बा की कॉलोनियों में अब गंदे पानी का जलभराव नहीं रहेगा। इसके लिए जलापूर्ति विभाग ने कस्बा में बडे स्तर पर सीवरेज की पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरु कर दिया है। उक्त जानकारी जलापूर्ति विभाग के एसडीओ रवि नायक ने दी। एसडीओ रवि नायक ने बताया कि पिछले काफी समय से कस्बा के लोग गंदे पानी की निकासी के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे थे। जिसे विभाग ने गंभीरता से लेते हुए अब रादौर की कालोनियों में गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज की पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कस्बा की जिन कॉलोनियों में गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं थी। वहां पर विभाग द्वारा उन कॉलोनियों में सीवरेज डालकर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की जा रही है। इसी कड़ी में रादौर की कस्तुरबा गांधी आश्रम कॉलोनी से लेकर नामदेव चौक तक बड़ी सीवरेज पाइपलाइन सड़क के साथ साथ बिछाई जा रही है। जिससे आसपास की कॉलोनियों के गंदे पानी की निकासी भी हो सकेगी।

एसडीओ रवि नायक ने बताया कि रादौर में पीने के पानी के लिए भी पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रादौर की बकाना रोड पर स्थित महिंद्र सिंह डेरा कॉलोनी को सीवरेज व्यवस्था से जोड़ने के लिए प्रस्ताव विभाग के पास भेजा हुआ है। मंजूरी मिलते ही महिंद्र सिंह डेरा कॉलोनी में भी सीवरेज व पीने के पानी की पाइपलाइन बिछवा दी जाएगी। विभाग का उद्देश्य हर व्यक्ति को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना है। वहीं, गंदे पानी की निकासी को लेकर विभाग के कार्य लगातार जारी रहेंगे।


रादौर। रादौर में किया जा रहा सीवरेज की पाइपलाइन बिछाने का कार्य।

## भारतीय पर्यटकों की मौत पर रोटरी ने जताया शोक

रादौर। रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, वेलफेयर एसोसिएशन व महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशन के सदस्यों ने रादौर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर वियतनाम में छुट्टियां मनाने गए 15 भारतीयों की स्पीडबोट के समुंद्र की ऊंची लहरों में फंसकर हुई दर्दनाक मौत पर गहरा दुख जताया। संस्थाओं के सदस्यों ने इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं, शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। रोटरी क्लब रादौर के प्रधान भारत माटिया, सचिव डॉ. शुभम सलुजा, इनरव्हील क्लब प्रधान परमजीत कौर, सचिव पूजा माटिया, वेलफेयर एसोसिएशन प्रधान व सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया आदि ने कहा कि भारतीय पर्यटकों की समुंद्र में डूबने से मौत होना बड़े दुख का विषय है। कई बार मानवीय भूल व लापरवाही से बड़ी घटनाएं घट जाती हैं। जिसका खामियाजा मानवता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। वहीं, मृतकों के शोक संतप्त परिवारों को इस कष्टदायी दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।



# असामाजिक तत्वों के बहकावे में आने से बचाएं अपने बच्चों का भविष्यः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


कमलदीप गोयल

- पिछले कुछ दिनों में यमुनानगर, अंबाला व कुरुक्षेत्र सहित अन्य शहरों में जघन्य अपराध सामने आए हैं

विदेशों में बैठे असामाजिक तत्व भोले भाले युवकों को बहला फुसलाकर या लालच देकर गंभीर अपराधों में धकेल रहे हैं। ऐसे अपराधियों के बहकावे से अपने बच्चों का भविष्य बचाएं। जिलेवासियों को उक्त आह्वान पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर अपने बच्चों को गलत राह पर जाने से बचाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ अपराधी विदेशों में बैठकर यहां के भोले भाले युवकों को बहला फुसलाकर या लालच देकर गंभीर अपराधों में शामिल करवा रहे हैं। ऐसे युवक बाद में अपराध की दलदल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर बैठते हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में जिला यमुनानगर, अंबाला व कुरुक्षेत्र सहित अन्य शहरों में कई जघन्य अपराध सामने आए हैं। इन वारदातों में यमुनानगर जिले के कुछ युवक भी शामिल पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि इन वारदातों के पीछे विदेश में बैठे अपराधियों का हाथ है। यह बदमाश स्वयं सुरक्षित रहकर यहां के भोले भाले युवाओं को अपने जाल में फंसाते हैं और उन्हें किसी भी वारदात को अंजाम देने के लिए तैयार कर देते हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि ऐसे अपराधी यूज एंड थ्रो पॉलिसी अपनाते हैं। खुद तो विदेशों में रहकर कानून की पकड़ से दूर रहने की मंशा रखते हैं।

# युवाओं में देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमताः डॉ. प्रकाश

- ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दीक्षांत समारोह एवं एलुमनाई मीट 2026 का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


यमुनानगर। दीक्षांत समारोह एवं एलुमनाई मीट कार्यक्रम में सम्मानित किए गए विद्यार्थी स्टाफ सदस्यों व अतिथियों के साथ खुशी जताते हुए।

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रादौर में दीक्षांत समारोह एवं एलुमनाई मीट 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उनकी उपाधियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने भाग लिया।

वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक के नवीन खत्री मौजूद रहे। जबकि ड्रग कंट्रोलर अधिकारी चेतन वर्मा ने गेस्ट ऑफ आनर के रुप में भाग लिया। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल व वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्यातिथि डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने कहा कि विश्वविद्यालय की डिग्री तभी सार्थक होती है जब उसके साथ उत्कृष्ट चरित्र, नैतिक मूल्य और समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी जुड़ा हो। आज का युवा नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता के माध्यम से भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि हमें लर्न, अनलर्न ओर रिलर्न के नियम पर काम करना चाहिए।

### मेघा और विशाल को किया सम्मानित

संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रत्येक विद्यार्थी और उसके परिवार के लिए गर्व का क्षण है। संस्थान हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट व्यक्तित्व निर्माण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी देश विदेश में भी संस्थान का नाम रोशन करेंगे। निदेशक डा. लक्ष्य अग्रवाल सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेघा (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) एवं विशाल (सिविल इंजीनियरिंग) को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं नितन (फार्मेसी)को विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रिंसीपल डॉ. अश्वनी ढींगरा ने संस्थान की वार्षिक उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।


यमुनानगर। बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

## माई भारत युवाओं के लिए महत्वपूर्ण मंच

यमुनानगर। माई भारत जिला सलाहाकार समिति की बैठक लघु सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक में जिले में माई भारत के कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, युवाओं के अधिकतम पंजीकरण, विभागीय समन्वय तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि माई भारत युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वयंसेवा तथा नेतृत्व विकास से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने सभी विभागों से आह्वान किया कि वह अपने अपने स्तर पर युवाओं को माई भारत पोर्टल से जोड़ने तथा उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त प्रीति ने निर्देश दिए कि समिति के माध्यम से प्रत्येक माह गतिविधियों की नियमित समीक्षा, कार्ययोजना का निर्माण तथा सभी विभागों के बीच प्रभावी अभिसरण सुनिश्चित किया जाए।

# छात्राएं अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहेंः नीलम

- जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने राजकीय माध्यमिक पाठशाला कांजनू में आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


रादौर। छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता नीलम।

जिला पुलिस की सेफसिटी टीम ने सोमवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय कांजनू में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने भाग लिया।

सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बैड टच की पहचान के बारे में विस्तार से बताया। ताकि वे किसी भी असहज स्थिति को समझ सकें और तुरंत मदद ले सकें। साथ ही आत्मविश्वास बढ़ाने और संकट की स्थिति में स्वयं की सुरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। एएसआई नीलम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों, आपातकालीन सहायता और कानून द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में भी अवगत कराया।


### तुरंत कार्रवाई होगी

उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता बढ़ाना, आत्मरक्षा कौशल विकसित करना और उन्हें सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना है। एएसआई नीलम ने कहा कि महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त कारवाई करेगी। मौके पर उन्होंने छात्राओं को सडक सुरक्षा तथा साइबर अपराधों बारे भी जागरूक किया।

# रादौर में मनाया जाएगा श्रद्धापूर्वक प्रकट दिवस

- रादौर की श्री रामविचार वाटिका में 23 जुलाई को होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


महंत स्वामी उदयात्मानंद महाराज।

रादौर के छोटाबांस स्थित रामविचार वाटिका में 23 जुलाई को महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 श्री स्वामी आत्मारामानंद जी महाराज का 125 वां प्रकट दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर हवन यज्ञ समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री रामविचार वाटिका के महंत स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने बताया कि महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी आत्मारामानंद जी महाराज का 125वें प्रकट दिवस पर 23 जुलाई को कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7 बजे से लेकर रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा। जिसके तहत सुबह 7 बजे हवन यज्ञ का आयोजन होगा। वहीं, सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके बाद सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक संतो का प्रवचन व संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित होगा।

नगर निगम ने चलाया सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान

# बीमारियों से बचाव को लेकर स्वच्छता अपनाना जरुरी

निगम की टीमों ने घर घर जाकर लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। घर घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता और अलग अलग डस्टबिन में कचरा डालने के लिए जागरुक करते हुए निगम की टीम के सदस्य।

नगर निगम यमुनानगर द्वारा शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ जागरुकता अभियान चलाया गया है। मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर आयोजित इस अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन शहरी की टीम ने सोमवार को जगाधरी के सेक्टर 17, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड 22 की संजय विहार कॉलोनी, गोविंदपुरी व अन्य क्षेत्रों में घर घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया।

### आईईसी विशेषज्ञ ने चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन के महत्व से अवगत करवाया

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के आईईसी विशेषज्ञ आकाश कुमार ने वार्ड वासियों को चार अलग अलग रंगों के डस्टबिन के महत्व और उनके सही उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीमारियों से बचाव को लेकर स्वच्छता को अपनाना जरुरी है। उन्होंने नागरिकों को हरे डस्टबिन में गीला अर्थात जैविक कचरा जैसे फल एवं सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन, चाय पत्ती, फूल पत्तियां व अंडे के छिलके आदि डाले। नीले रंग के डस्टबिन में सूखा अर्थात पुनर्चक्रण योग्य कचरा जैसे कागज, गत्ता, प्लास्टिक की बोतलें, प्लास्टिक पैकेजिंग, धातु के डिब्बे, कांच की बोतलें आदि डाले। लाल रंग के डस्टबिन को सेनेटरी अपशिष्ट जैसे सेनेटरी पैड, डायपर, बैंडेज, कॉटन, इस्तेमाल किए गए मास्क एवं दस्ताने आदि के लिए प्रयोग करें। इसी तरह काले रंग के डस्टबिन में विशेष घरेलू हानिकारक अपशिष्ट जैसे बैटरियां, कांच व एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट, पेंट के डिब्बे, कीटनाशक के कंटेनर, एक्सपायर दवाइयां, नेल पॉलिश, थर्मामीटर एवं ई.वेस्ट की छोटी वस्तुएं आदि डाले। कचरे के वैज्ञानिक व उपयोगी प्रबंधन पर जोर देते हुए निगम की टीम ने वार्ड वासियों को अपने ही घरों में गीले कचरे से श्होम कम्पोस्टिंगश के माध्यम से जैविक खाद तैयार करने की विधि समझाई।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में कारगरः प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


उपायुक्त प्रीति

- उपायुक्त प्रीति ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के बारे में दी जानकारी

हरियाणा सरकार द्वारा संचालित की जा रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71 हजार रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। वहीं, विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो को भी 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दिव्यांग हैं तो उन्हें भी 51 हजार रुपये की सहायता राशि मिलेगी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह के लिए किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी के लिए और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो।

## खबर संक्षेप

### रजनीश बने साहित्य एवं संस्कार प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष



**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने रजनीश गुप्ता को साहित्य एवं संस्कार प्रकोष्ठ का प्रांतीय अध्यक्ष बनाया है। संस्था का उद्देश्य वैश्य समाज के सभी क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को सर्व समाज के उत्थान करना है ताकि सर्व समाज के हर व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। संस्था के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने बताया कि रजनीश गुप्ता को यह जिम्मेवारी इसलिए दी गई है कि उनका उद्देश्य समाज के युवा पुरुष महिलाओं में चुनावी राजनीति के प्रति जागृति लाना और सर्व समाज में बढ़ रही आपसी तालमेल में कमी एवं पारिवारिक झगड़ों को लेकर रजनीश गुप्ता बेहद गंभीर हैं।

### कुरुक्षेत्र के विकास में कांग्रेस की रही अहम भूमिका : बवेजा



**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास की मजबूत नींव कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में रखी गई। उन्होंने दावा किया कि जिले में हुए अधिकांश बड़े विकास कार्य कांग्रेस की देन हैं। बवेजा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, ब्रह्मसरोवर का विकास, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, लोकनाटक एवं सांस्कृतिक संस्थानों का विस्तार, जयप्रकाश अस्पताल, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल, हुडा सेक्टरों का विकास, थानेसर एवं ज्योतिसर रेलवे स्टेशन, कन्या महाविद्यालय, आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, एनआईएफएएडी, रेलवे की डबल लाइन, विद्युतीकृत रेल मार्ग, तथा जिला एवं जिला कचहरी जैसे अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य कांग्रेस शासन में हुए।

## पीएम जींद से एलिवेटिड रेलवे ट्रैक, सिख म्यूजियम करेंगे जनसमर्पित

# 17 को कुरुक्षेत्र को मिलेगी विकास परियोजनाओं की सौगात: सुधा

### पूर्व राज्यमंत्री ने केयू में होने वाले कार्यक्रम को लेकर नागरिकों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि 17 जुलाई को प्रदेश के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के विकास के नये युग का श्रीगणेश होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जींद से देश की पहली हाईड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र को एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व स्टेशन का उद्घाटन व सिख म्यूजियम का शिलान्यास करेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में होने वाले कार्यक्रम को लेकर कार्यकतार्ओं, पार्षदों व गणमान्य नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने एलिवैटेड ट्रैक पर बने थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर गौरव भट्ट प्रसाद, नरेंद्र शर्मा, मोहन लाल अरोड़ा, दुष्यंत बख्शी, कवि बजाज, विश्वकांत शर्मा, महेंद्र मेहता, पंकज खन्ना, दिलेर शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि 17 जुलाई जींद के साथ-साथ हरियाणा के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एकलव्य स्टेडियम के सामने ग्राउंड में इसी दिन विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे और वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारम्भ भी करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भिवानी कुरुक्षेत्र के एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व स्टेशन का शुभारम्भ करेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** एलिवैटेड ट्रैक पर बने थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

#### फाटकों पर जाम से मिलेगी निजात

इस ट्रैक के बनने से क्षेत्र वासियों को पांच रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। इसके अलावा अत्याधुनिक सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी करेंगे। मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास से जींद 17 जुलाई को प्रदेश में नए विश्वास, विकास और भविष्य का संगम बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा हरियाणा में मजबूत आधारभूत ढांचा, औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के भी नए अवसर और विस्तार को बढ़ावा देगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक कार्यक्रम में पैदल, साइकिल, इलेक्ट्रिक, सीएनजी वाहनों से पहुंचे। इससे तेल की बचत होने के साथ-साथ प्रदूषण भी कम होगा।

# आईटीआई में दाखिले के लिए कल तक करें आवेदन

### 26 ट्रेडों में मिलेगा प्रवेश का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई 2026 कर दी गई है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित थी, जिसे अब विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए आगे बढ़ाया गया है। आईटीआई के प्रधानाचार्य जगमोहन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिले के पांच आईटीआई संस्थानों में लगभग 1400 सीटों पर 26 विभिन्न ट्रेडों में दाखिले किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, पेंटर जनरल, फीटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, वेल्डर, प्लंबर, ड्राफ्ट्समैन सिविल, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, कोपा, साइबर सिक्योरिटी, स्टेनोग्राफी (इंग्लिश) सहित अन्य ट्रेडों में आवेदन किए जा सकते हैं।

#### आवेदन प्रक्रिया जल्द करें पूरी



*प्रधानाचार्य ने कहा कि आठवीं, दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार संबंधित ट्रेडों में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), चरित्र प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो, ई-मेल आईडी और सक्रिय मोबाइल नंबर जैसे आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, स्मार्ट क्लास, हाई-टेक लैब और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं के रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने इच्छुक युवाओं से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।*

## डॉ. सीमा बिरला को मिला ओम प्रकाश अंशु सम्मान



**कुरुक्षेत्र।** साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और निरंतर साहित्य साधना के लिए कुरुक्षेत्र की साहित्यकार डॉ. सीमा बिरला को राज्य स्तरीय 'ओम प्रकाश अंशु सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें करनाल में साँझा साहित्य मंच द्वारा आयोजित 'करनाल साहित्य उत्सव' के दौरान प्रदान किया गया। यह गरिमामय समारोह राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेलवे रोड, करनाल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए साहित्यकारों, कवियों, लेखकों और साहित्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा साहित्यिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाशवाणी के सुप्रसिद्ध उद्घोषक एवं हिंदी अकादमी, दिल्ली के पूर्व उपसचिव ऋषि कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नवचेतना मंच के अध्यक्ष एस.पी. चौहान ने की। साहित्यकार सम्मान समारोह के साथ आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। इसके अलावा पुस्तक विमोचन और पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाया।



**कुरुक्षेत्र।** सम्मान प्राप्त करती कवयित्री नीलम नरेश पांचाल।

## सांझा साहित्य मंच के राज्य स्तरीय समारोह में कवयित्री नीलम नरेश पांचाल सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** करनाल में सांझा साहित्य मंच द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कुरुक्षेत्र की सुप्रसिद्ध कवयित्री नीलम नरेश पांचाल को प्रतिष्ठित रूप नारायण चाणना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में नीलम नरेश पांचाल ने अपनी ओजपूर्ण कविता /"भगत सिंह/" का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं की खूब सराहना प्राप्त की। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि वे अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में जनजागृति का कार्य निरंतर करती रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.पी. चौहान एवं कृष्ण कुमार निर्माण ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी दिल्ली के उद्घोषक ऋषि कुमार शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने नीलम नरेश पांचाल को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके साहित्यिक योगदान और सृजनशीलता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए साहित्यकारों का भव्य समागम देखने को मिला।

# विद्यार्थियों को पायलट बनने की राह दिखाई

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुई ऑनलाइन करियर मार्गदर्शन संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गुरुकुल कुरुक्षेत्र में सोमवार को कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'कमर्शियल पायलट जर्नी' विषय पर एक प्रेरणादायक ऑनलाइन करियर मार्गदर्शन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मल्टीमीडिया कक्ष में आयोजित इस संवादात्मक सत्र का संचालन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुभवी कमर्शियल पायलट कैप्टन अभिषेक ने किया। उन्होंने अपने व्यावसायिक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को विमानन क्षेत्र में करियर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। संगोष्ठी के दौरान कैप्टन अभिषेक ने कमर्शियल पायलट बनने के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं, प्रशिक्षण की प्रक्रिया, फ्लाइंग लाइसेंस, चिकित्सीय मानकों तथा आवश्यक कौशलों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की भावना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र और दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. परवीन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।



## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने विद्या भारती द्वारा श्रीमदभगवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 37वें संकुल स्तरीय खेलकूद समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भव्य समारोह विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया था जिसमें कबड्डी ,खो-खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चैस, जूडो, कुश्ती खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस खेल महोत्सव में हमारे विद्यालय की खो-खो टीम अंडर -14,17 , बैडमिंटन टीम अंडर- 17, टेबल टेनिस टीम अंडर -17,19, अंडर 17 योगा टीम, अंडर 17 कुश्ती टीम, अंडर 17 जूडो टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन विजयी छात्राओं को प्रधानाचार्या सुमन बाला के द्वारा प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल , महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने सभी छात्राओं को बधाई दी।

# 217 मरीजों की जांच, 104 का हुआ डेक्सा स्कैन

### डीआर जैन न्यूरोकेयर एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क ऑथोपेडिक, डेक्सा स्कैन एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. हिमांशु जैन ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में रीढ़ की हड्डी एवं मस्तिष्क से संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। लगातार कमर दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका, हाथ-पैरों में झनझनाहट, सुन्नपन, कमजोरी तथा नसों पर दबाव जैसे लक्षणों को कभी भी सामान्य दर्द समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा किसी भी न्यूरोलॉजिकल समस्या के शुरूआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेने का आह्वान किया। डॉ. लविश गर्ग ने हड्डियों एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से ग्रसित मरीजों की गहन जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, बढ़ती उम्र, कैल्शियम एवं विटामिन-डी की कमी के कारण ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) तेजी से बढ़ रहा है। यह एक /"साइलेंट डिजीज/" है, जिसके शुरूआती चरण में सामान्यतः कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। उन्होंने बताया कि डेक्सा स्कैन हड्डियों के घनत्व की जांच का सबसे सटीक एवं वैज्ञानिक परीक्षण है, जिससे बीमारी का समय रहते पता लगाकर भविष्य में होने वाले फ्रैक्चर एवं गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव है। उन्होंने विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों को समय-समय पर डेक्सा स्कैन करवाने तथा नियमित व्यायाम, सक्रिय जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में मरीजों का चेकअप करते चिकित्सक।

# केयू के 25 विद्यार्थी प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित, कुलगुरु ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे. हर्ष का विषय है कि केयू के 25 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल में हुआ है। इस अवसर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं गुणवत्तापूर्ण प्लेसमेंट सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय का प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केन्द्र विद्यार्थियों को कौशल युक्त कर उन्हें रोजगार प्रदान करने की ओर निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। केयू प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केन्द्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहिंदर सिंह ने बताया कि केयू में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए के लगभग 20 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों में एमबीए के 6 विद्यार्थी शामिल हैं जिन्हें 4.5 लाख रुपए का सालाना पैकेज दिया जाएगा। इससे पहले भी कंपनी द्वारा 19 विद्यार्थियों का चयन हो चुका हैं और अब चयनित विद्यार्थियों की संख्या 25 पहुँच गई है।

# गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती : डॉ. सुरेश मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश एवं हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन, पिपली (कुरुक्षेत्र) के अध्यक्ष तथा ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि मां दुर्गा शक्ति का स्वरूप हैं और उनकी आराधना से भक्तों को सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष में दो बार चैत्र और शारदीय नवरात्रि मनाए जाते हैं, जिनमें मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। इसके अतिरिक्त वर्ष में दो बार आने वाली गुप्त नवरात्रि में मां की दस महाविद्याओं की विशेष साधना का विधान है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई 2026, बुधवार से प्रारंभ होकर 23 जुलाई 2026, गुरुवार को नवमी के साथ संपन्न होगी। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 5:33 बजे से 10:09 बजे तक तथा अभिजीत मुहूर्त 11:55 बजे से 12:48 बजे तक रहेगा।

#### विशेष नियमों का पालन करने की दी सलाह



उन्होंने बताया कि गुप्त नवरात्रि में मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व विशेष रूप से शक्ति साधना, तांत्रिक साधना और आध्यात्मिक साधकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी विशेष साधना सदैव किसी सात्त्विक एवं विद्वान ब्राह्मण या सद्गुरु के मार्गदर्शन में ही करनी चाहिए। डॉ. मिश्रा ने बताया कि माघ गुप्त नवरात्रि उत्तर भारत में अधिक प्रसिद्ध है, जबकि आषाढ़ गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व दक्षिण भारत में माना जाता है। उन्होंने गुप्त नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को कुछ विशेष नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नौ दिनों तक ब्रह्मचर्य का पालन करें, तामसिक भोजन और लहसुन-प्याज का सेवन न करें, वाद-विवाद एवं किसी का अहित सोचने से बचें, फलाहार या उपवास रखें तथा मां दुर्गा की पूजा, जप और आरती नियमित रूप से करें। इसके साथ ही माता-पिता की सेवा, कन्याओं का सम्मान, गौ सेवा, जीव-जंतुओं एवं पक्षियों की सेवा, क्रोध पर नियंत्रण और मधुर वाणी का पालन करें। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से विश्व शांति और समस्त प्राणियों के कल्याण की प्रार्थना करने का भी आग्रह किया।

## वाणी ने तैराकी स्पर्धा में जीते तीन पदक



**थानेसर।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र की कक्षा तीसरी की प्रतिभाशाली छात्रा वाणी ने स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ कुरुक्षेत्र द्वारा शहीद मेजर नितिन बाली स्विमिंग पूल में आयोजित जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में वाणी ने अपने शानदार प्रदर्शन से दो स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक अपने नाम किए।वाणी ने 25 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान, 50 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान तथा 25 मीटर किक बोर्ड स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यालय के डायरेक्टर बी. डी. गाबा एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र अरोड़ा ने वाणी तथा उसके माता - पिता को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं।

## तैराकी प्रतियोगिता में सेंट थॉमस कॉन्वेंट के अब्राहम ने जीते 6 गोल्ड



**कुरुक्षेत्र।** जिला खेल विभाग द्वारा द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में आयोजित जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल कुरुक्षेत्र के कक्षा 6 के छात्र अब्राहम मलिक ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। अब्राहम ने एक ही दिन में 6 गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने स्कूल का नाम ऊंचा किया, बल्कि माननीय मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र लाडवा के गांव मेहरा का भी गौरव बढ़ाया है। द्रोणाचार्य स्टेडियम के स्विमिंग पूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में अब्राहम मलिक ने अपनी तैराकी क्षमता से सभी को प्रभावित किया। समाजसेवी माम चंद ने कहा कि अब्राहम की यह उपलब्धि पूरे स्कूल परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अब्राहम मलिक मामचंद मलिक के पोते हैं, जो कुरुक्षेत्र की लाडवा विधानसभा के गांव मेहरा के स्थाई निवासी हैं। अब्राहम की इस ऐतिहासिक जीत की खबर मिलते ही गांव मेहरा में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामवासियों और परिजनों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**बैठक** मृत्यु भोज और फूलों की रोटी जैसी कुरीतियों को खत्म करने का लिया संकल्प

# सैनी समाज सभा की बैठक में सामाजिक सुधार और विकास कार्यों पर बनी सहमति

### आय-व्यय विवरण पेश, नए सदस्यों और विकास परियोजनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सैनी समाज सभा (पंजीकृत) की वार्षिक आम सभा की बैठक महाराजा शूर सैनी हॉल में सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत करने के साथ समाज के विकास कार्यों और सामाजिक सुधार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। सभा के महासचिव अवतार सिंह सैनी ने पिछले माह की बैठक का आय-व्यय विवरण तथा वर्ष 2025-26 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 616 नए एवं नवीनीकृत सदस्यों की सूची तैयार कर अनुमोदन के लिए जिला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी को भेजी जाएगी।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद सैनी समाज सभा के पदाधिकारी।

#### सामाजिक सुधार के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन

बैठक में बाबैन स्थित बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा होने, कुरुक्षेत्र में सभा भवन में नई दुकानों और वातानुकूलित कमरों के निर्माण तथा हुडा सेक्टर-8 में सैनी समाज सभा के नाम प्लॉट आवंटित होने की जानकारी भी साझा की गई। सैनी सुधार सभा के प्रधान छत्तर पाल सैनी ने समाज से मृत्यु भोज और /"फूलों की रोटी/" जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। इस विषय पर सैनी पब्लिक स्कूल के प्रधान नैब सिंह पटाकमाजरा, गुरनाम सैनी गजलाना, कृष्ण सैनी, जगदीश सैनी और डॉ. बंसी लाल सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर सामाजिक सुधार के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया। बैठक के दौरान गुरनाम सैनी गजलाना को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सदस्यों ने लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान सत्यवान सैनी, उपप्रधान गुरमीत सैनी, सहसचिव रामस्वरूप सैनी, कोषाध्यक्ष जयपाल सैनी, सुरेंद्र सैनी, जयपाल सैनी, सुभाष सैनी, डिम्पल सैनी, कौशल सैनी, लक्ष्मण दास, सतीश सैनी, रामनाथ सैनी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 17 को कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे पीएम

# प्रधानमंत्री मोदी लोगों को देंगे अंबाला कालाअंब नेशनल हाइवे की सौगात

17 को जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी, डीसी बोले-कार्यक्रम को लेकर अधिकारी करेंगे जरूरी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 17 जुलाई को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर लोगों को सौगात देने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रदेश से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं को शिलान्यास व उद्घाटन भी करेंगे। इसी कड़ी में पुलिस डीएवी स्कूल अंबाला शहर के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जींद में आयोजित कार्यक्रम को यहां पर वर्चअुल माध्यम से दिखाने का काम किया जाएगा। उपायुक्त अपने कार्यालय में कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर संबंधित आधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

उन्होंने कार्यक्रम के दृष्टिगत लोगों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के तहत जो कार्य किए जाने है उसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने यह भी बताया कि यहां पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिकारी पेट्रोल व डीजल के वाहनों का प्रयोग न करके इलेक्ट्रिकल वाहनों का प्रयोग करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने इस मौके पर लोगों से भी आह्वान किया कि जो भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने वह इलेक्ट्रिकल वाहनों ई रिक्शा का प्रयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि कार्यक्रम के दृष्टिगत बेहतर समन्वय बनाकर सभी कार्यों को समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करना। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल नोडल अधिकारी रहेंगे। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भी कहा कि अंबाला कालाअंब राष्ट्रीय राजमार्ग की जो सौगात लोगों को मिलेगी, उसके तहत वे परियोजना से जुड़ा बैकड्रॉप व अन्य कार्यों को करना सुनिश्चित करें।



अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

### परियोजना के सौगात मिलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा

उपायुक्त ने बताया कि 17 जुलाई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इनमें अंबाला_ कालाअंब, राष्ट्रीय राजमार्ग का उद्घाटन शामिल है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के सौगात मिलने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी के दृष्टिगत पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश यहां पर दिखाने का काम किया जाएगा।

पुलिस डीएवी स्कूल अंबाला शहर के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जींद में आयोजित कार्यक्रम को वर्चअुल माध्यम से दिखाने का काम किया जाएगा

### ये रहे मौजूद

नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती, प्रोजेक्ट निदेशक एनएचएआई आकृति बंसल, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता जसविंद्र मलिक, ईओ नगर परिषद् देवेंद्र नरवाल, कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह, कर्णवीर सिंह भी मौजूद रहे।

---

## लंबे समय से उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं पार्क

# 29 पार्कों की बदलेगी तस्वीर, नगर परिषद खर्च करेगी 48 लाख रुपये

■ छावनी वासियों को फिर से हरा-भरा और सुरक्षित वातावरण मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लंबे समय से उपेक्षा के शिकार रहे छावनी के पार्कों के दिन अब बहुरने वाले हैं। नगर परिषद ने शहर के 29 पार्कों के रख-रखाव और जीर्णोद्धार की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इस पूरे प्रोजेक्ट पर परिषद 48 लाख रुपये की राशि खर्च करेगी। पार्कों की बदहाली को दूर करने के लिए नगर परिषद द्वारा बुलाई गई निविदा प्रक्रिया में तीन एजेंसियों ने हिस्सा लिया है। वर्तमान में नगर परिषद की तकनीकी टीम इन एजेंसियों द्वारा जमा कराए गए दस्तावेजों की गहन जांच-पड़ताल कर रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, तकनीकी पहलुओं की मंजूरी मिलते ही जल्द ही ठेका आवंटित कर दिया जाएगा। इसके बाद पार्कों के कायाकल्प का कार्य शुरू हो जाएगा। पिछले करीब एक साल से रख-रखाव के अभाव में ये पार्क जर्जर हालत में पहुंच गए थे और कबाड़ का रूप ले चुके थे। जीर्णोद्धार योजना के तहत पार्कों की न केवल साफ-सफाई की जाएगी, बल्कि वहां के ढांचे में सुधार के लिए नए उपकरणों को लगाने का खाका भी तैयार किया जा रहा है। नगर परिषद के रिकॉर्ड के अनुसार, कुल 37 पार्कों में से फिलहाल इन 29 पार्कों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित किया जाएगा। इन पार्कों का कुल क्षेत्रफल 113,811 वर्ग मीटर है। इन पार्कों में पौधों की देखभाल, घास की कटाई और बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करना मुख्य लक्ष्य है, ताकि छावनी वासियों को फिर से हरा-भरा और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### इन पार्कों की बदलेगी तस्वीर

इनमें वार्ड नंबर 24 का सुभाष पार्क, वार्ड नंबर 30 इंदिरा पार्क, वार्ड 24 के 8 नंबर पार्क, कस्तूबरा कॉलोनी पार्क, वार्ड नंबर 27 में आंबेडकर पार्क व कुम्हार मंडी पार्क, वार्ड 29 में लालकुर्ती बाजार का पार्क, मोची मंडी पार्क, वार्ड नंबर 30 इदगहा रोड पार्क, वाउर् 23 में शास्त्री कॉलोनी पार्क, वार्ड 31 में बीसी बाजार पार्क, वार्ड 23 में माता का मंदिर पार्क व आर्य नगर पार्क, वार्ड नंबर 24 मे ट्रिब्यून कॉलोनी का 2 नंबर पार्क, वार्ड 26 की डेहा कॉलोनी में नेहरू पार्क, वार्ड 2 की डिफेंस कॉलोनी का पार्क, वार्ड 26 में खटीक मंडी पार्क व दीना की मंडी का पार्क, वार्ड नंबर 9 में अजीत नगर पार्क, वार्ड 12 में करधान पार्क, वार्ड 10 में सरसेहड़ी पार्क, वार्ड 23 में राम किशन कॉलोनी पार्क, वार्ड 24 की सुभाष कॉलोनी में लाल मंदिर पार्क, वार्ड 27 सुभाष कॉलोनी में पतंजलि पार्क, वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सामुदायिक केंद्र पार्क, वार्ड 10 रामपुर का सामुदायिक केंद्र व वाटर टैंक पार्क, वार्ड 12 में ग्रीन पार्क, वार्ड 17 के पालम विहार का पार्क शामिल है।

---

# 16 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग द्वारा कौशल भारत अभियान के अंतर्गत तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत अम्बाला में ग्राम स्तर पर कौशल एवं रोजगार सृजन मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन मेलों का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उध्यम विभाग, जिला अग्रणी बैंक (पंजाब नेशनल बैंक), जिला रोजगार कार्यालय, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा सिपेट-आईपीटी, मुरथल के सहयोग से किया जाएगा। इसी क्रम में प्रथम कौशल एवं रोजगार मेले का आयोजन 16 जुलाई 2026 को ग्राम पंचायत सारंगपुर (धुरकड़ा) के सामुदायिक भवन में किया जाएगा।

---

## पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने हुड्डा के बयान पर किया पलटवार

# मोदी सरकार ने जो कहा, उसे धरातल पर उतारकर दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पलटवार किया है। हुड्डा ने कहा था कि लोगों को यह भी बताया जाए कि जमीन किसने अधिग्रहित की और रेल लाइन किसने बिछाई। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए असीम गोयल ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने कार्यकाल में हरियाणा को कागजों में नंबर-1 बनाने की योजनाएं बनाईं, लेकिन धरातल पर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का श्रेय उन्हें नहीं दिया जा सकता उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि योजनाएं बनाना और उन्हें सफलतापूर्वक लागू करना दो अलग-अलग बातें हैं। दोनों में जमीन-आसमान का अंतर है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जो भी वादे किए, उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करके दिखाया है। उन्होंने दावा किया कि देश और प्रदेश में दिखाई दे रहे विकास कार्यों का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में होने के कारण भूपेंद्र सिंह हुड्डा राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन वे भी भली-भांति जानते हैं कि इन विकास कार्यों को किस सरकार ने पूरा किया है।

---

# 445 कैडेटों के साथ वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू सैन्य कौशल के साथ नेतृत्व व राष्ट्रसेवा का मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, अंबाला छावनी द्वारा एमएम विश्वविद्यालय मुलाना परिसर में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी) का शुभारंभ किया गया। कमांडेंट कर्नल नितीश सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आईं 445 सीनियर विंग (एसडब्ल्यू) एवं जूनियर विंग (जेडब्ल्यू) कैडेट उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। विश्वविद्यालय लंबे समय से एक हरियाणा गर्ल्स बटालियन के प्रशिक्षण शिविरों की मेजबानी करता आ रहा है। शिविर का उद्देश्य कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना तथा राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान कैडेटों को ड्रिल, वेपन ड्रिल, बैटल क्राफ्ट, फील्ड क्राफ्ट, सिग्नल कम्युनिकेशन, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) सहित सैन्य प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कैडेटों का चयन प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस शिविर के लिए किया जाएगा। साथ ही भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी बनने की इच्छुक कैडेटों को एसएसबी (सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड) की विशेष कोचिंग भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर सकें।

---

## न्यूज डायरी

### अफसरों को दिए निर्देश

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत वैध पंजीकरण के बिना स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) द्वारा संचालन, केबल बिछाने व खंभे लगाने पर आवश्यक अनुमतियां प्राप्त न करने को लेकर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने कर का भुगतान न करने जैसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के तहत स्थानीय केबल ऑपरेटरों का ब्रॉडकॉस्ट सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई स्थानीय केबल ऑपरेटर वैध लाइसेंस के बिना संचालन करता पाया जाता है तो उसे नोटिस जारी कर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### नगराधीश ने सुनी शिकायतें

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की शिकायतों को सुना। साथ ही संबंधित अधिकारियों को शिकायतें मार्क करते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने लोगों की समस्याओं का तय समय सीमा में समाधान करवाएं। उन्होंने कहा नागरिकों की समस्याओं का जल्द समाधान हो, इसी उद्देश्य से समाधान शिविर शुरू किए गए है।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अंबाला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मोहड़ा में ग्रुप-डी (चतुर्थ श्रेणी) नियमित कर्मचारियों के लिए आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सह प्राचार्य, डाइट मोहड़ा ज्योति रानी के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालयों में कार्यरत ग्रुप-डी कर्मचारी शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करते हुए प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को अपने कार्यस्थल पर लागू करने का आह्वान किया।

### 200 मरीजों की नि:शुल्क जांच की

**अंबाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर सरसेहड़ी में गवर्नमेंट होम्योपैथिक अस्पताल अंबाला छावनी के द्वारा एक दिवसीय होम्योपैथिक एवं योग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 200 मरीजों का निशुल्क निरीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। इसमें होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर शिवम शर्मा एवं डॉक्टर प्रियंका तथा मेडिकल टीम ने विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को निशुल्क परामर्श एवं दवाएं प्रदान की गईं।

---

### गन्ना समिति चुनाव: जोन -6 में वरुण राणा तो जोन -7 में सुशील की जीत

**मुलाना।** प्रदेश में आयोजित गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के लिए मैदान में उतरे प्रत्याशियों की जीत हार का नतीजा आज सामने आ गया है। सहकारी समितियों की देखरेख में क्षेत्र से गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के लिये वार्ड संख्या 7 और वार्ड संख्या 6 के लिये चुनाव लड़े गए। पूरे महीने भर लोगों में प्रत्याशियों की जीत हार को लेकर कुतुहलता जागी रही। वहीं उम्मीदवारों द्वारा भी अपनी अपनी जीत को साक्षी बनाने के लिए काफी जोर आजमाईश की गईं। वार्ड संख्या 7 से जहां तीन उम्मीदवार जसबीर सैनी टंगेल ,कर्म सिंह थंबड, और वरुण चौहान अलीपुर के बीच मुकाबला रहा वहीं वार्ड संख्या 6 में पूर्व सरपंच सुशील राणा और युवा विक्रम सिंह के मध्य कड़ा मुकाबला रहा। वार्ड संख्या 7 से जहां वरुण चौहान अलीपुर ने बड़ी जीत दर्ज की वहीं जोन 6 से पूर्व सरपंच सुशील और युवा विक्रम सिंह के मध्य बराबर का मुकाबला रहा। चुनाव में जहां वरुण अलीपुर को 37 वोट मिली वहीं कर्मसिंह और जसबीर को क्रमश: 24 और 13 वोट मिली। वहीं जोन 6 से सुशील राणा और विक्रम को 38, 38 वोट हासिल हुई। मगर बराबर वोट होने के बाद भी युवा विक्रम के भाग्य ने साथ नहीं दिया और टॉस हारने पर पूर्व सरपंच रहे सुशील राणा को विजयी घोषित कर दिया गया। बता दें कि प्रदेश में समय समय पर सहकारी समितियों की देख रेख में गन्ना समितियों के चुनाव आयोजित होते हैं।

### विद्यार्थियों को नशे से दूरी बनाने की अपील की



**मुलाना।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अंबाला यूनिट ने शैक्षणिक संस्थान मुलाना में नशा-विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के खतरों से दूर रखते हुए स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त भविष्य की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन ब्यूरो प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में किया गया। इंस्पेक्टर मेहरूफ अली की देखरेख में यूनिट के एएसआई फूल कुमार और स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुमार ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि "जो युवा नशे से बचते हैं, वही देश को नई उंचाइयों पर ले जाते हैं। अधिकारियों ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को नशे से दूरी बनाने की अपील की।

### शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश

**बराड़ा।** सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों की श्रृंखला में सोमवार को उपमंडल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। एसडीएम ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत देना तथा उनकी समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। समाधान शिविर इसी उद्देश्य की पूर्ति का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि उपमंडल कार्यालय में प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

---

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

## सामाजिक संगठनों ने निभाई भागीदारी

# राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर में विद्यार्थियों ने लगाए आम के पौधे

इको क्लब की पहल: बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने और देखभाल करने का दिया संदेश

■ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर में सोमवार को एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशों के अनुसार विद्यालय के इको क्लब ने परिसर में आम के पौधे लगाए और विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि पेड़ केवल पर्यावरण को स्वच्छ नहीं बनाते बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते है। सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे बरसात के इस मौसम में अपने घर, खेत, विद्यालय या आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल भी करें। साथ ही अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने की अपील की गई।

### कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं

इको क्लब के प्रभारी अमित डीपी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाए और उसे बड़ा होने तक सुरक्षित रखे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। विद्यालय में लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों को सौंपी गई है ताकि उनमें प्रकृति के प्रति अपनापन और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

### संस्था निभा रही अपना योगदान

इस अभियान में सामाजिक संगठनों का भी सहयोग देखने को मिला। युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के बिरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी संस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। संस्था अब तक अपने क्षेत्र में 7000 से अधिक पौधे लगा चुकी है।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे पौधारोपण को केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं रहने देंगे बल्कि इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएंगे। सभी ने यह भी संकल्प लिया कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करेंगे ताकि वह भविष्य में एक विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।



अंबाला। पौधा रोपण करते हुए स्कूली बच्चे, स्टाफ और संस्था के सदस्य।

### पेड़ धरती का संतुलन बनाए रखते हैं

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण, स्वच्छ वातावरण और हरित जीवनशैली का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पेड़ धरती का संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ स्वच्छ हवा, छाया और वर्षा के प्राकृतिक चक्र को भी मजबूत करते है।

---

# गुरुग्राम की आहना गुलाटी बनी विजेता लड़कों में सोनीपत के सक्षम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित 30वीं हरियाणा स्टेट अंडर-17 (बालक एवं बालिका) शतरंज चैंपियनशिप-2026 का भव्य समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 150 से अधिक प्रतिभाशाली अंडर-17 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अब आगामी राष्ट्रीय अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रतियोगिता में 30,000 की कुल नकद पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफियां एवं मेडल प्रदान किए गए। अपने संबोधन में अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। यह खेल बच्चों में धैर्य, अनुशासन, एकाग्रता, तार्किक सोच, नेतृत्व क्षमता तथा सही समय पर उचित निर्णय लेने की योग्यता विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखते हुए निरंतर अभ्यास करने तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संदेश दिया।

### विजेता खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन की प्रधान नम्रता गौड़ ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान गुरुग्राम की आहना गुलाटी ने हासिल किया जबकि दूसरा स्थान सिया कौशिक को मिला। जबकि फरीदाबाद की तनिष्का को तीसरा स्थान मिला। इसी तरह बालक वर्ग में प्रथम स्थान – सक्षम (सोनीपत), द्वितीय स्थान – संभव (पानीपत), तृतीय स्थान – शाहान (गुरुग्राम) को मिला।

### प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न

अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सचिव किरणदीप गौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता का सफल एवं निष्पक्ष संचालन दि हरियाणा चेस एसोसिएशन द्वारा नियुक्त मुख्य निर्णायक लक्ष्य अरोड़ा तथा सहायक निर्णायक जय राज के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया, जिससे प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### ये रहे मौजूद

समापन समारोह में डॉ. रवि, निपुण, लक्ष्य, मनीष शर्मा, रंधीर तथा अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट आशीष शर्मा सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, अभिभावक एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।